बिहार सरकार

# मुख्यालय, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, पटना

## बिहार गृह रक्षा वाहिनी विशेषगण (Special Battalion) बिहटा के लिए गृह रक्षकों के चयन हेतु :–

**विज्ञापन संख्या– 1 / 2022**

1. बिहार गृह रक्षा वाहिनी में नामांकित एवं बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त / बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे गृहरक्षकों में से विशेषगण (Special Battalion) बिहार गृह रक्षा वाहिनी, बिहटा के लिए गृह रक्षकों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदक की अर्हताएँ निम्नवत् होगी :–

(i) शैक्षणिक अर्हता – उच्चतर माध्यमिक (इन्टरमीडिएट) अथवा समकक्ष।
(ii) आयु – दिनांक 01.01.2022 को न्यूनतम 19 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष।
(iii) सदचरित्र (Good Moral Character)।
(iv) शारीरिक रूप से स्वस्थ।

गृह (विशेष) विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–3285 दिनांक 13.08.1981 एवं 2756 दिनांक 08.03.2007 के आलोक में 372 रिक्तियों के विरूद्ध आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। गृह (विशेष) विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक एल / एच०जी० – 1304 / 2011–2326 पटना दिनांक 31.03.2021 द्वारा अनुमोदित रोस्टर अभिमत के अनुरूप आरक्षण कोटिवार रिक्तियाँ निम्न प्रकार है :–

| क्र०सं० | आरक्षण कोटि | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | अनुसूचित जाति | 72 |
| 02 | अनुसूचित जाति (महिला) | 23 |
| 03 | अनुसूचित जन–जाति | 06 |
| 04 | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 87 |
| 05 | अत्यंत पिछड़ा वर्ग (महिला) | 27 |
| 06 | पिछड़ा वर्ग | 46 |
| 07 | पिछड़ा वर्ग (महिला) | 17 |
| 08 | पिछड़े वर्गो की महिला | 22 |
| 09 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 10 |
| 10 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (महिला) | 04 |
| 11 | अनारक्षित | 38 |
| 12 | अनारक्षित(महिला) | 20 |

2. विशेषगण (Special Battalion) बिहटा के लिए गृह रक्षकों के चयन की कार्रवाई बिहार गृह रक्षा वाहिनी, मुख्यालय, पटना द्वारा गठित समिति करेगी।
3. चयन हेतु शारीरिक सक्षमता का मापदण्ड एवं मेधा सूची, कुल प्राप्तांक (अधिकतम–100 अंक) के आधार पर निर्धारित होगा, जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

(i) अनिवार्य अर्हक जॉच (Qualifying test) :– इसके लिए अभ्यर्थियों को कोई अंक प्राप्त नहीं होगा, परन्तु उसमें उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा। अनुत्तीर्ण होने की स्थिति में आगे के चरणों में भाग नहीं लेने दिया जाएगा।
(a) दौड़– पुरूष–1 (एक) मील (1.6 कि०मी०) समय सीमा 06 मिनट (कोई अंक नहीं)।
(b) दौड़– महिला–800 मीटर, समय सीमा 05 मिनट (कोई अंक नहीं)।

(ii) ऊँची कूद– अधिकतम अंक – 15 (न्यूनतम ऊँचाई क्वालीफाई नहीं करने वाले अभ्यर्थी असफल होगें)। न्यूनतम ऊँचाई–4 फीट (पुरूषों के लिए) / 3 फीट (महिलाओं के लिये)

| पुरूष | | महिला | |
|---|---|---|---|
| ऊँचाई | अंक | ऊँचाई | अंक |
| 4 फीट से 4 फीट 3 इंच | 03 | 3 फीट से 3 फीट 3 इंच | 03 |
| 4 फीट 3 इंच से 4 फीट 6 इंच | 06 | 3 फीट 3 इंच से 3 फीट 6 इंच | 06 |
| 4 फीट 6 इंच से 4 फीट 9 इंच | 09 | 3 फीट 6 इंच से 3 फीट 9 इंच | 09 |
| 4 फीट 9 इंच से 5 फीट तक | 12 | 3 फीट 9 इंच से 4 फीट तक | 12 |
| 5 फीट से उपर | 15 | 4 फीट से उपर | 15 |

(iii) लम्बी कूद– अधिकतम अंक – 15 (न्यूनतम कूद क्वालीफाई नहीं करने वाले अभ्यर्थी असफल होगें)। न्यूनतम कूद–12 फीट (पुरूषों के लिए) / 9 फीट (महिलाओं के लिये)

| पुरूष | | महिला | |
|---|---|---|---|
| कूद | अंक | कूद | अंक |
| 12 फीट से 13 फीट | 03 | 09 फीट से 10 फीट | 03 |
| 13 फीट से 14 फीट | 06 | 10 फीट से 11 फीट | 06 |
| 14 फीट से 15 फीट | 09 | 11 फीट से 12 फीट | 09 |
| 15 फीट से 16 फीट | 12 | 12 फीट से 13 फीट | 12 |
| 16 फीट से उपर | 15 | 13 फीट से उपर | 15 |

(iv) गोला फेक– अधिकतम अंक – 15 (न्यूनतम गोला फेक क्वालीफाई नहीं करने वाले अभ्यर्थी असफल होगें)। न्यूनतम गोला फेक (16 पौंड का गोला)–16 फीट (पुरूषों के लिए) / 12 फीट (महिलाओं के लिये)

| पुरूष | | महिला | |
|---|---|---|---|
| गोला फेक | अंक | गोला फेक | अंक |
| 16 फीट से 17 फीट | 03 | 10 फीट से 11 फीट | 03 |
| 17 फीट से 18 फीट | 06 | 11 फीट से 12 फीट | 06 |
| 18 फीट से 19 फीट | 09 | 12 फीट से 13 फीट | 09 |
| 19 फीट से 20 फीट | 12 | 13 फीट से 14 फीट | 12 |
| 20 फीट से उपर | 15 | 14 फीट से उपर | 15 |

(v) इंड्योरेंस / स्ट्रेंथ जॉच (Endurence/Strength Test) (चयन स्थल पर पुरूष एवं महिला का अंतर इंगित होगा)।

| | पुरूष | | महिला | |
|---|---|---|---|---|
| क्रॉलिंग | दूरी | अंक | दूरी | अंक |
| | 10 फीट तक | उत्तीर्ण | 06 फीट तक | उत्तीर्ण |
| | 25 फीट से अधिक | 05 | 15 फीट से अधिक | 05 |
| रोप क्लाइम्बिंग | दूरी | अंक | दूरी | अंक |
| | 10 फीट तक | उत्तीर्ण | 06 फीट तक | उत्तीर्ण |
| | 16 फीट से अधिक | 05 | 10 फीट से अधिक | 05 |
| वाल स्केलिंग | दूरी | अंक | दूरी | अंक |
| | 07 फीट दीवाल को प्रथम प्रयास में पार करने पर | 05 | 05 फीट दीवाल को प्रथम प्रयास में पार करने पर | 05 |
| | 07 फीट दीवाल को प्रथम प्रयास में पार करने पर | 04 | 05 फीट दीवाल को प्रथम प्रयास में पार करने पर | 04 |
| | 03 प्रयास में पार नहीं करने पर | असफल | 03 प्रयास में पार नहीं करने पर | असफल |

(vi) पेशागत जॉच (Professional Test)
(क) टर्नआउट 05
(क) ड्रिल (शस्त्र रहित) 05
(क) ड्रिल (शस्त्र सहित) 05 20
(क) पी०टी० 05 }
(vii) लिखित परीक्षा – 20

**कुल–100**

(viii) शारीरिक जॉच हेतु प्रावधानित कंडिका–04 की उपकंडिका (i)–(vi) तक जॉच में सफल अभ्यर्थी (जो शारीरिक जॉच के प्रत्येक मद में न्यूनतम अर्हक मापदण्ड पूरा करें) गृह रक्षक ही लिखित परीक्षा में शामिल होंगे। लिखित परीक्षा की अवधि एक घंटा की होगी। जिसमें बहु–वैकल्पिक वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे। लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम वही होगा, जो बुनियादी प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम है।

4. सफल गृह रक्षक अभ्यर्थियों की मेधा सूची कुल प्राप्तांक के आधार पर तैयार की जाएगी। दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों को समान अंक प्राप्त होने पर अधिक आयु वाले उम्मीदवार को वरीयता दी जाएगी। अंक एवं आयु समान होने पर शैक्षणिक योग्यता वरीयता का आधार होगा।
5. विज्ञापन की प्रथम कंडिका में वर्णित कोटि के गृह रक्षक प्रमंडलवार शारीरिक /लिखित परीक्षा हेतु केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, बिहटा में निम्नांकित तिथि को उपस्थित होंगे ।

| क्र०सं० | प्रमंडल का नाम | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | मुजफ्फरपुर / दरभंगा / सहरसा / भागलपुर एवं पूर्णियाँ | 26.02.2022 |
| 02 | पटना / सारण / गया एवं मुंगेर | 27.02.2022 |

शारीरिक सक्षमता की जॉच परीक्षा में सफल अभ्यर्थी गृहरक्षकों की लिखित परीक्षा की तिथि दिनांक 28.02.2022

6. चयन स्थल – गृहरक्षकों के चयन हेतु शारीरिक एवं लिखित परीक्षा का कार्य केन्द्रीय प्रशिक्षण सस्थान, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, बिहटा के परिसर में दिनांक 26.02.2022 से दिनांक 28.02.2022 तक प्रातःकाल 08.00 बजे से प्रारम्भ होगा।
7. चयन हेतु इच्छुक नामांकित एवं बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त / बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे गृह रक्षक अपने–अपने प्रमंडल के लिए निर्धारित तिथि को विहित प्रपत्र जो विज्ञापन के साथ संलग्न है, में स्वहस्तलिखित अथवा टंकित आवेदन पत्र एवं स्वअभिप्रमाणित अभिलेखों की छायाप्रति साथ लेकर चयन स्थल पर उपस्थित होंगे। आवेदन पत्र चयन स्थल पर ही लिया जाएगा।
8. अभ्यर्थी गृहरक्षकों को जॉच परीक्षा में शामिल होने के लिए कोई भत्ता देय नहीं होगा परन्तु उन्हें कर्त्तव्य पर माना जाएगा।
9. विशेषगण, बिहटा के लिए चयनित गृहरक्षक स्वयंसेवी होंगे और भविष्य में वैतनिक पदों पर नियमित नियुक्ति के लिए उनका कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**समादेष्टा**,
बिहार गृह रक्षा वाहिनी,
मुख्यालय, पटना

---

**आवेदन पत्र का प्रपत्र**

अभ्यर्थी गृह रक्षक का जिला :–

01. नाम :–
02. पिता का नाम :–
03. सैन्य संख्या :–
04. ई–कमान पिन सं० :–
05. पता (आवासीय प्रमाण पत्र के साथ) :–
06. जन्म तिथि (प्रमाण पत्र के साथ) :–
07. गृह रक्षक का कोटि (प्रमाण पत्र के साथ) :–
08. गृह रक्षक के रूप में नामांकन /बुनियादी प्रशिक्षण तिथि / वर्ष :–
09. आधार कार्ड सं० छायाप्रति के साथ :–
10. U.A.N. सं० :–
11. PAYEE ID :-
12. BANK A/C NO & IFSC CODE :-

(पहचान पत्र / बुनियादी प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र / बुनियादी प्रशिक्षणरत का प्रमाण पत्र / दो हाल का वर्दी में पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ सहित)

**घोषणा–पत्र**

मैं प्रमाणित करता / करती हूँ कि ऊपर दी गई सभी सूचनाएँ तथा संलग्न प्रमाण पत्र सही है। मिथ्या पाये जाने पर मेरा / मेरी उम्मीदवारी / विशेषगण में हुए चयन रद्द करते हुए गृहरक्षक बल से निष्कासित किया जा सकता है।

स्थान :–

दिनांक :–

आवेदक / आवेदिका गृह रक्षक का हस्ताक्षर

PR. No. 12923 (Fire) 2021-22

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।